हरिभूमि
# कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

बिलासपुर, सोमवार 2 मार्च 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 खाटू श्याम महोत्सव का शानदार आयोजन



## खबर संक्षेप

### करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

**अनूपपुर।** विधायक और मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल के कर-कमलों से ग्राम पंचायत बहेराबांध में विकास कार्यों की सौगात दी गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में मंत्री श्री जायसवाल ने क्षेत्र की प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान दो प्रमुख शिलापट्टिकाओं का अनावरण किया गया जो क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और सांस्कृतिक उत्थान में मील का पत्थर साबित होंगी। इसमे हाट बाजार कॉम्प्लेक्स निर्माण (भूमिपूजन) मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अधोसंरचना योजना के अंतर्गत 25 लाख की लागत से बनने वाले इस कॉम्प्लेक्स से स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों को बेहतर बाजार सुविधाएं प्राप्त होंगी। सांस्कृतिक मंच निर्माण (लोकार्पण) जिला प्रतिष्ठान मद (2025-2026) से 3.50 लाख की लागत से नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया गया जो गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केन्द्र बनेगा।

### स्थानीय परीक्षाओं में किया गया संशोधन

**अम्बिकापुर।** होली पर्व के मद्देनजर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के समस्त अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय विद्यालयों (बोर्ड-सीजी, सीबीएसई, आईसीएसई) के प्राचार्यों/प्रधान पाठकों को निर्देश जारी किया गया है कि दिनांक 3 मार्च एवं 5 मार्च को विद्यालय स्तर से आयोजित की जाने वाली स्थानीय परीक्षाएं आयोजित नहीं की जाएं। जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावक संघ द्वारा अवगत कराया गया था कि 4 मार्च को होली पर्व होने के कारण एक दिन पूर्व एवं एक दिन पश्चात आवागमन में कठिनाई की संभावना रहती है। जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के हित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उक्त तिथियों में परीक्षाएं स्थगित करने के निर्देश दिए हैं।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर वृद्धा की गई जान

**अंबिकापुर।** कार के सड़क किनारे उतारने तथा सीट पलट जाने से गंभीर वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार बांगो थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ी उपरोडा निवासी पुनिया बाइक पति जमुना प्रसाद (66 वर्ष) अदानी में चालक का काम कर रहे नाती लखन यादव के साथ कार से घर जा रही थी। जैसे ही लखन कार लेकर अटेम नदी के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रक से बचने के लिए कार सड़क किनारे उतार दिया। कार की सीट पलट जाने से वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन वृद्धा को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

### खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत 15 तक आवेदन

**जशपुरनगर।** जिले में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने एवं स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक दिनांक 15 मार्च तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जशपुर के महाप्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत जिले में चावल आधारित उद्योग, मिनी राइस मिल, आटा मिल, बेकरी, नमकीन, मिक्सचर, मुरमुरा, मुरकू, पोहा, मसाला, अचार, पापड़, बड़ी, बेसन, मैदा, सूजी, तेल मिल, हालर मिल, राइस मिल सहित अन्य विभिन्न प्रकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं।

## यात्री सुविधाओं का भारी अभाव

# शहर का रेलवे स्टेशन उपेक्षा का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़





क्षेत्र का रेलवे स्टेशन आज भी बदहाली और प्रशासनिक उपेक्षा का प्रतीक बनता जा रहा है। लाखों रूपए के राजस्व और रोजाना सैकड़ों यात्रियों की आवाजाही के बावजूद स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। प्लेटफार्मों पर न तो समुचित प्रकाश व्यवस्था है और न ही यात्रियों को धूप-बारिश से बचाने के लिए शेड की पर्याप्त सुविधा, इससे खासकर रात के समय यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्टेशन के किसी भी प्लेटफार्म पर प्रकाश की उचित व्यवस्था नहीं है। शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को चलने-फिरने में डर बना रहता है। कई जगह बल्ब या ट्यूब लाइटें खराब पड़ी हैं, तो कहीं खंभे ही नहीं लगाए गए हैं। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन के आने-जाने के दौरान भी प्लेटफार्म पर रोशनी न के बराबर रहती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सबसे चिंताजनक स्थिति प्लेटफार्म क्रमांक 2 की है। यहां पक्का फर्श न होने के कारण जगह-जगह घास उग आई है। बरसात के मौसम में यह प्लेटफार्म कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे फिसलने का खतरा बढ़ जाता है। प्लेटफार्म का उपयोग कम होने के बावजूद यहां से गुजरने वाले यात्रियों और कर्मचारियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से इस प्लेटफार्म की सुध नहीं ली गई है। स्टेशन पर शेड का भी भारी अभाव है। गर्मी में चिलचिलाती धूप और बरसात में तेज बारिश यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा देती हैं। कई बार यात्रियों को खुले आसमान के नीचे घंटों ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और भी कष्टदायक हो जाती है। प्लेटफार्मों पर बैठने की व्यवस्था भी सीमित है, जिससे भीड़ के समय हालात और खराब हो जाते हैं। यात्रियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। अपर्याप्त रोशनी के कारण असामाजिक तत्वों का डर बना रहता है। रात के समय प्लेटफार्म सूने और अंधेरे नजर आते हैं, जिससे अकेले सफर करने वालों में असुरक्षा की भावना बढ़ जाती है। स्टेशन परिसर में नियमित साफ-सफाई न होने से भी बदहाल स्थिति बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन की स्थिति में शीघ्र सुधार किया जाए। प्लेटफार्मों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, शेड का निर्माण, प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर पक्का फर्श और नियमित रख-रखाव की व्यवस्था की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

कुल मिलाकर मनेन्द्रगढ़ का रेलवे स्टेशन विकास की दौड़ में पीछे छूटता नजर आ रहा है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रेलवे प्रशासन को तत्काल ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि स्टेशन को उसकी गरिमा के अनुरूप सुविधाएं मिल सकें।

# होलिका दहन पर इस बार चंद्रग्रहण का साया, 4 को मनेगा होली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक होलिका दहन 2 मार्च को शाम ढलने के बाद किया जाएगा। इस वर्ष होलिका दहन के दूसरे दिन चंद्रग्रहण का साया पड़ रहा है, इसके चलते होली ग्रहण के चलते दूसरे दिन 4 मार्च को मनाया जाएगा, लेकिन होलिका दहन कार्यक्रम 2 मार्च को ही है।

होली पर्व के पूर्व होलिका दहन की तैयारियां विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व से ही शुरू हो जाती है, होलिका दहन को लेकर बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह रहता है और वे कई दिन पूर्व से ही सूखी झाड़ियां एवं लकड़ी एकत्र करना शुरू कर देते हैं। जानकारी के अनुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका की तैयारियों में जुटे हैं, जहां आज रात्रि में शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद होलिका दहन की जाएगी। कई क्षेत्रों में बच्चों के द्वारा होलिका तैयार की जा रही है, वहीं कई जगहों पर आज ही होलिका तैयार की जाएगी। इस अवसर पर कही पर कंडो की होलिका भी बनाकर जलाई जाती है। होलिका के लिए वन डिपों से भी लकड़ी की डिमांड बढ़ जाती है। शहर क्षेत्र में ज्यादातर जगहों पर होलिका तैयार करने के लिए वन विभाग के डिपों से लकड़ियां क्रय जाती है। इस अवसर पर सबसे अधिक वन डिपों से लकड़ी की मांग रहती है।



### पूजा-अर्चना के बाद होलिका दहन

आज 2 मार्च को रात्रि में शुभ मुहूर्त पर होलिका दहन जिलेभर में भक्तिभाव के साथ विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर दहन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार होलिका दहन के दौरान जलते होलिका में नई गेहूं की बालियां, गोबर के कंडे, अक्षत, फूल अर्पित करना शुभ होता है। वहीं होलिका जलने के बाद उसकी राख को घर लाना नकारात्मक उर्जा को दूर करने वाला माना गया है।

### तीसरे दिन मनाई जाएगी होली

इस बार होलिका दहन के दूसरे दिन रंग गुलाल नहीं उड़ेगा। खगोलीय घटना के कारण होलिका दहन के दूसरे दिन होली न मनाकर तीसरे दिन 4 मार्च को इस बार होली मनाई जाएगी। जानकारी के अनुसार होलिका दहन के दूसरे दिन 3 मार्च को पूर्ण चंद्र ग्रहण की स्थिति बन रही है। इस दिन अपरान्ह में चंद्र ग्रहण शुरू हो जाएगा और सुतक सुबह ही लग जाएगा। इस कारण इस दौरान शुभ काम की मनाही होती है, इसके चलते ही इस बार होलिका दहन के दूसरे दिन नहीं तीसरे दिन होली का पर्व मनाया जाएगा।

# गांजा तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

गांजा तस्कर करने वाले आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को धनिया ठेला तिराहा में वाहन चेकिंग के दौरान बेलिया छोट तरफ से एक बिना नंबर की होण्डा कंपनी की एसपी 125 ब्लेक ग्रीन कलर की मोटर साइकल का चालक की संदिग्ध गतिविधि से उसके अवैध कार्य में संलिप्तता की शंका हुई जो मौके पर उसके मोटर सायकल की डिक्की (झोला) चेकिंग के दौरान उसमें एक सफेद लाल रंग का नंदी लिखा हुआ झोला मिला जिसे डिक्की से वाहर निकलवाकर चेक किया तो झोला के अंदर में हरी सुखी पत्तियां, डंठल बीज युक्त जैसा मादक पदार्थ गांजा दिखाई दिया, जिसका अवैध कब्जा संज्ञेय अपराध है। आरोपी चालक का नाम पता पूछने पर अपना नाम अविनाश गुप्ता पिता स्व. राकेश गुप्ता उम्र 23 वर्ष निवासी पत्थर्रा थाना पेंड्रा जिला जीपीएम छग का होना बताया।

अवैध मादक पदार्थ गांजा का बरामदगी पंचनामा 27 फरवरी के 20.43 बजे तैयार किया गया। आरोपी के कब्जे से बरामद गांजा वजन करने पर 1.200 होना पाया गया जो आरोपी का कृत्य अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कारित करना पाए जाने से अपराध सदर कायम कर अनुसंधान में लिया गया।

### बार्किंग डियर ने दिया शावक को जन्म

**अम्बिकापुर।** सरगुजा में वन विभाग और संजय वन वाटिका के लिए 26 फरवरी का दिन बेहद खास रहा। संजय वन वाटिका में मौजूद काकड़ (बार्किंग डियर) ने एक शावक को जन्म दिया है। इस शावक के जन्म से वन विभाग में उत्साह का माहौल है। फिलहाल हिरण के बच्चे को व मादा को सुरक्षित बाड़े में रखा गया है। वन विभाग के साथ ही पशु चिकित्सकों की टीम शावक और भौंकने वाली मादा हिरण की निगरानी कर रही है। बता दें कि शहर के संजय वन वाटिका में बार्किंग डियर (काकड़) को रखा गया है। ये हिरण पर्यटकों के आकर्षण का भी केंद्र है। इस बीच 26 फरवरी को एक अति सुखद एवं उत्साहवर्धक घटना घटित हुई। वाटिका परिसर में संरक्षित एक मादा बार्किंग डियर (काकड़) ने एक स्वस्थ शावक को जन्म दिया है।



# कर्मचारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन एवं स्थापना दिवस

■ मनेंद्रगढ़ में दिखी संगठन की ताकत, एकता और आत्मविश्वास

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के वन मंडलाधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में वन विभाग वाहन चालक कर्मचारी संघ छग द्वारा प्रांतीय सम्मेलन एवं स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल औपचारिकता तक सीमित रहा, बल्कि इसमें संगठनात्मक एकता, उत्साह और भविष्य के प्रति दृढ़ संकल्प की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंडलाधिकारी चंद्रकुमार अग्रवाल रहे। उनके साथ मंच पर संघ के प्रदेश संरक्षक एसडी बड़ागईयां एवं प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। सम्मेलन की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ विधिवत की गई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि चंद्रकुमार अग्रवाल ने कहा कि वन विभाग की रीढ़ के रूप में वाहन चालक कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुर्गम और संवेदनशील वन क्षेत्रों में गश्त, वन संपदा की सुरक्षा तथा विभागीय गतिविधियों के सफल संचालन में चालक कर्मचारियों का योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने संघ की एकजुटता की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि विभाग कर्मचारियों के हितों और कल्याण के प्रति सदैव संवेदनशील रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारियों ने संगठन की अब तक की उपलब्धियों, आगामी योजनाओं तथा कर्मचारियों के अधिकारों और सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन में जिले सहित अन्य जिलों से लगभग 200 पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए, जिससे संगठन की मजबूती और व्यापकता का परिचय मिला। कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ अतिथियों द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया। साथ ही संघ के मान्यता प्राप्त पत्र का विधिवत विमोचन भी किया गया, जिससे सभाकक्ष में उत्साह और गर्व का माहौल बना रहा। स्थापना दिवस के इस आयोजन ने यह संदेश स्पष्ट किया कि संगठन की शक्ति एकता, अनुशासन और समर्पण से आती है। प्रांतीय सम्मेलन ने कर्मचारियों में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार करते हुए विभागीय कार्यों को और ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया।



# यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल बना विजेता

**मनेन्द्रगढ़।** जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर लगातार द्विवार विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है। कक्षा 9 वीं के छात्र जितेन्द्र विश्वकर्मा एवं सोमनाथ साहू ने अपने उत्कृष्ट एवं नवाचारी प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा 7 वीं के छात्र विराज एवं मनीष श्रीवास का भी प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय एवं उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाएं वैज्ञानिक सोच, सामाजिक उपयोगिता एवं रचनात्मकता का अद्भुत उदाहरण थीं। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली को स्पष्ट रूप से समझाया, जिससे उनकी मेहनत और विषय पर गहरी समझ प्रदर्शित हुई। प्रदर्शनी में ⏭ शेष पेज 4 पर




### पेड़ से गिरा बालक अस्पताल में तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** पेड़ से गिरने से गंभीर हुए बालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बालक अचेत हालत में देर रात तक पेड़ के नीचे पड़ा था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम छतोरी निवासी राजेन्द्र राम आ. बैसाखू राम (9 वर्ष) शुक्रवार की शाम गांव के ही अमित तिर्की के घर के समीप इमली पेड़ के नीचे खेल रहा था जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा। परिजन ने खोजबीन की तो बालक घर के समीप इमली पेड़ के नीचे अचते हालत में पड़ा मिला जब परिजन ने पूछताछ किया तो बालक ने बताया कि राजेन्द्र पेड़ से नीचे गिरा था। परिजन बालक को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई।

# एमसीबी कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित



**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला/शहर कांग्रेस कमेटी एमसीबी की अनुमोदित कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार अशोक श्रीवास्तव को जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

कार्यकारिणी में संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। ओम प्रकाश गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं राजेश साहू, कृष्ण मुरारी तिवारी, के. डी. रेड्डी, रवि प्रताप सिंह, सुभाष समृद्ध और मोहम्मद इमाम को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महामंत्री पद पर रामप्रकाश मणिकपुरी, सत्यप्रताप सिंह, अवधेश सिंह, जगदीश मधुकर, श्रीमती पूनम सिंह, राकेश श्रीवास्तव, नसीम अंसार और राजेश शर्मा सहित अन्य नेताओं को स्थान दिया गया है। सचिव पद पर शाहिद महमूद, विनोद चौहान, विजय साहू, जुबेर अहमद, महेन्द्र व्यासबदीपन, सोहन हाटिक, कमलेश दत्ता, श्रीमती अशोकिया, प्रदीप शर्मा, शारदा सिंह, रामफल बैगा और दुर्गालाल वर्मा को नियुक्त ⏭ शेष पेज 4 पर

## किसानों के खेतों में बन रहे सीढ़ीनुमा गड्ढे

# सभी ग्राम पंचायतों में 5 प्रतिशत मॉडल निर्माण कार्य प्रारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ अभियान को ग्राम स्तर पर मिल रहा है सकारात्मक प्रतिसाद म

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में किसानों के खेतों में जनभागीदारी से 5 प्रतिशत मॉडल (सीढ़ीनुमा गड्ढा) निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

यह पहल जिला कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उमेश पटेल के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। जनपद पंचायत अध्यक्ष उदय सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ए. पन्ना एवं कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र सिंह राजवाडेÞ की उपस्थिति में ग्राम पंचायत मुरमा में 5 प्रतिशत मॉडल के 5 स्ट्रक्चर तथा जमगहना में 11 सीढ़ीनुमा सोख्ता गड्ढों का निर्माण कराया गया। निर्माण कार्य के दौरान ग्राम पंचायत मुरमा के सरपंच, तकनीकी सहायक मनहरण सिंह, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने बताया कि सभी निर्मित 5 प्रतिशत मॉडल की प्रविष्टि जेएसजेबी 2.00 पोर्टल में सहायक नोडल अधिकारी के माध्यम से दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का उद्देश्य वर्षा जल संरक्षण, भू-जल स्तर में सुधार तथा किसानों की कृषि भूमि को अधिक उत्पादक बनाना है। जनभागीदारी से संचालित इस अभियान को ग्राम स्तर पर सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है।

# जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय माई भारत एवं राष्टÑीय सेवा योजना मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद 2026 का जिला स्तरीय आयोजन गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का विषय था आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक। जिसमें 18 से 25 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओ ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने माई भारत पोर्टल पर ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम से पंजीयन कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं छग महतारी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण से हुआ।




कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यंशवती सिंह पैकरा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. श्राबनी चक्रवर्ती ने की। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह राणा, विधायक प्रतिनिधि महेन्द्रपाल सिंह, निर्णायक डॉ. शिवाकांत मिश्रा आजाद, अरविंद बंजारे, श्रीमती ममता राणा, श्रीमती प्रीति जायसवाल रहे। वहीं अन्य अतिथियों में रोहित वर्मा, प्रिंस सिंह, श्रीमती अंकिता कश्यप, श्रीमती नीलम द्विवेदी, गिरिश दास, रिषभ सोनी, गोविंद प्रसाद वर्मा, श्रीमती नीलू जायसवाल एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक, कार्यालयीन स्टॉप उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों के स्वागत नृत्य उपरान्त महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. श्राबनी चक्रवर्ती ने कहा कि इस प्रकार के बौद्धिक आयोजन में विद्यार्थियों नेतृत्व क्षमता, ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### ऊंचडीह ग्राम पंचायत में हुआ कृषक-श्रमिक सम्मान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** विकसित भारत जीरामजी कार्यक्रम अंतर्गत किसान मोर्चा ग्रामीण मंडल द्वारा पंचायत ऊंचडीह में ग्रामीण कृषकों एवं श्रमिकों के बीच व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाना तथा श्रमिक एवं किसान वर्ग को योजनाओं से सीधे जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा योजना संबंधी पत्रकों का वितरण किया गया तथा ग्रामीण श्रमिकों का सम्मान किया। साथ ही ग्रामीणों के साथ बैठ कर योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजय अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिया गया विकसित भारत 2047 का संकल्प तभी पूर्ण होगा जब गांव, किसान और श्रमिक आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे। जीरामजी कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। मनरेगा के तहत पहले 100 दिन का रोजगार मिलता था जो अब 125 दिन का रोजगार मिल रहा है,पहले भुगतान में बहुत समय लगता था अब 1 सप्ताह में भुगतान संभव हो सकेगा जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल सकेगा। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजय रजवाड़े ने कहा कि ग्राम स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है। नगर मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसान एवं श्रमिक वर्ग का सम्मान और उनका सर्वांगीण विकास है। इस दौरान कमल यादव,प्यारे साहू, शिव शंकर साहू, तिलक रजवाड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने कस्तुरबा आश्रम की अव्यवस्था पर जताई नाराजगी



**सेदम।** कलेक्टर अजीत वसंत बतौली के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने ग्राम भटको स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। आवासीय परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान छात्राओं द्वारा वर्तमान छात्रावास अधीक्षिका शांतिमनि कुजूर विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए गए, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को छात्रावास अधीक्षिका को हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि छात्राओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सुविधाओं से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं आश्रम की सभी व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार किया जाए। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा कस्तूरबा आश्रम का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई गई थी तथा सुधार के निर्देश दिए गए थे, परंतु लंबे समय से पदस्थ अधीक्षिका की मनमानी के चलते व्यवस्थाओं में कोई ठोस सुधार नहीं हो सका, जिसका परिणाम आज कलेक्टर की सख्त कार्रवाई के रूप में सामने आया। इससे पूर्व कलेक्टर अजीत वसंत ने करदना हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने प्राथमिक शाला, पीडीएस भवन, मध्यान्ह भोजन केंद्र एवं निर्माणाधीन पीडीएस भवन का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बतौली की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर चर्चा की। कलेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जाएगा और आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### मरम्मत नहीं होने से शो पीस बन कर रह गई सोलर स्ट्रीट लाइट

# एनीकट से छठ घाट तक लाखों की लागत से लगी सोलर स्ट्रीट लाइट महीनों से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

क्षेत्र वासियों सहित राहगीरों की सुविधा के लिए कनहर एनीकट से छठ घाट तक सोलर लाइट लगाई लगाया था जो लगने के बाद मरम्मत के अभाव में बंद हो गया है।

**खास बातें**
- शाम होते ही पसर जाता है अंधेरा, राहगीर सहित क्षेत्र के लोग परेशान
- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

लाखों रुपए की लागत से लगे सोलर लाइट व खंबे अब सिर्फ शो पीस बन कर रह गई। हैरानी की बात यह है कि सोलर लाई लंबे समय से खराब है बावजूद इसके मरम्मत या देखरेख की जहमत तक नहीं उठाई। ऐसे में क्षेत्र के लोगों सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं मार्ग अंधेरा होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

रामानुजगंज के कनहर नदी स्थित एनीकट से छठ घाट तक जल संसाधन विभाग द्वारा लगाई गई सोलर स्ट्रीट लाइट शो-पीस बनकर रह गई हैं। प्रत्येक सोलर स्ट्रीट लाइट की लागत लगभग ढाई लाख रुपये बताई जा रही है, लेकिन स्थापना के महज एक माह बाद ही अधिकांश लाइट बंद हो गईं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा मामले को उठाए जाने के बाद जल संसाधन विभाग ने खराब सोलर स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने की पहल की। विभाग द्वारा कुछ पोलों से लाइट खोलकर मरम्मत के नाम पर ले जाया गया, लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी उन्हें पुनः पोल में लाइट नहीं लगाया गया है। वही, जो लाइट लगी हुई हैं, उनमें से भी कई अब तक बंद पड़ी हैं। लोगों का कहना है कि एनीकट से छठ घाट तक का मार्ग शाम के समय अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है। विभिन्न अवसरों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में प्रकाश व्यवस्था का दुरुस्त होना अत्यंत आवश्यक है। लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा मरम्मत के लिए राशि का भुगतान भी किया गया होगा, लेकिन लाइट ठीक हुईं या नहीं, इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। छह माह बीत जाने के बाद भी सोलर स्ट्रीट लाइटों की पुनः स्थापना नहीं होना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है।



बंद सोलर लाइट।

**मरम्मत कराने की गई है मांग**

स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग में रात के समय अंधेरा होने से काफी असुविधा का सामना क्षेत्रवासी सहित राहगीरों को करना पड़ता था। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर जल्द से जल्द सभी सोलर स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कर पुनः स्थापित किया जाए, ताकि क्षेत्र में सुचारू रूप से प्रकाश व्यवस्था बहाल हो सके।

**संबंधित विभाग को कराया गया है अवगत**

सोलर लाइट के बंद होने पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार ध्यान आकर्षित कराया गया परंतु विभाग के अधिकारियों ने सुधार कार्य किए जाने की दिशा में आज तक कोई पहल नहीं किया। ऐसे स्थिति में शाम होते ही सड़क पर अंधेरा पसर जाता और लोगों को घर से टॉर्च लेकर निकलना पड़ रहा है। कनहर नदी होने के कारण रात के समय जहरीले सांप, बिच्छू का खतरा बढ़ जाता है वहीं महिलाएं और बच्चों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने जीते सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल प्रतियोगिता 2025-26 भोपाल में सरगुजा जिला वुडबॉल संघ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया। संघ के प्रतिभाशाली खिलाड़ी संदीप सिन्हा एवं साक्षी कुमारी ने संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स डबल इवेंट में शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया और जिले का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि हमारे यहां से स्ट्रोक इवेंट मिक्स डबल इवेंट में संदीप सिन्हा और साक्षी कुमारी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर सरगुजा को गौरवान्वित किया है। विगत कई वर्षों से सरगुजा के खिलाड़ी वुडबॉल प्रतियोगिताओं में निरंतर पदक जीतते आ रहे हैं, जो संघ की नियमित प्रशिक्षण व्यवस्था और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है। दोनों खिलाड़ी के.आर. टेक्निकल कॉलेज में अध्ययनरत हैं। प्रतियोगिता में प्रीतम जायसवाल, प्रियांशु कुशवाहा, दीपक, निखिल गुप्ता एवं निशांत भगत तथा महिला वर्ग में अंजिल प्रीति टोप्पो, स्नेहा जायसवाल, श्रीजल जायसवाल, मोनालिसा तिग्गा एवं उर्मिला एक्का ने भी अपना बेहतर प्रदर्शन किया। निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका में सरगुजा जिला से राष्ट्रीय रेफरी रजत सिंह एवं आकाश दुबे को सफल संचालन पर सम्मानित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को सरगुजा जिला वुडबॉल संघ, प्रदेश संघ एवं विश्वविद्यालय,महाविद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## प्रभावित क्षेत्र में हर घर से एक सदस्य जलजनित रोगो से ग्रसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एआईसीसी सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, पूर्व महापौर व ननि नेता प्रतिपक्ष ने की लोगों से मुलाकात



दूषित पेयजल सप्लाई के कारण कई घरों में लोगों के जलजनित रोगों से ग्रसित होने की शिकायत के उपरांत शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की एवं ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने नमनाकला के खटीक पारा एवं झंझटपारा में घर-घर जाकर स्थिति का जायजा लिया है। क्षेत्र का दौरा करने के उपरांत आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने जानकारी दी कि लगभग प्रत्येक घर में एक या एक से अधिक सदस्य दूषित जल जनित इन बीमारियों के शिकार हैं।

प्रत्येक घर से मिले इलाज से संबंधित पर्चियों से इस बात की जानकारी मिली है कि लोग पीलिया, टाइफाइड और डायरिया जैसे लोगों से ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने यह बताया है कि इस क्षेत्र से 2 लोगों के मौत की चर्चा सामने आने के बाद विगत दो-तीन दिनों से पेयजल की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। श्री सिंहदेव ने कहा कि नावापारा स्वास्थ्य केन्द्र और मेडिकल कॉलेज में जांच के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अब इलाज में भी कठिनाईयां आ रही है। बीमार लोगों ने यह शिकायत दर्ज की है कि उन्हें बाहर से जांच आदि कराने में हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। निजी अस्पतालों में इलाज कराने पर काफी व्यय हो रहा है। श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने प्रशासन से आह्वान किया कि क्षेत्र में मेडिकल शिविर लगाकर बीमार लोगों का निःशुल्क इलाज कराया जाए। बीमार लोगों के पर्चियों के अवलोकन के उपरांत पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि क्षेत्र में बीमार सभी लोगों की बीमारी जल जनित है। उन्होंने कहा कि लोगों को पीलिया, टाइफाइड और डायरिया जैसी बीमारी है जो कि खराब पानी पीने के कारण होती है। उन्होंने निगम प्रशासन का सलाह दिया कि ऐसे परिस्थितियों में गलत बयानबाजी कर तथ्यों को छिपाने से बेहतर होगा कि मिलजुलकर आमजन को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाये। यही एक लोक सेवक का उत्तरदायित्व है। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि आमजन के द्वारा दूषित पेयजल और बीमारी की फरियाद करना महापौर को साजिश लगता है, यह दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने कहा कि पहले नवागढ, मोमिनपुरा, पर्राडांड और अब नमनाकला क्षेत्र में दूषित पेयजल सप्लाई का तथ्य आना और इससे बीमारियों का फैलाव यह स्पष्ट करता है कि शहर के बड़े हिस्से में दूषित पेयजल सप्लाई हो रहा है। ऐसा तभी हो सकता है जबकि फिल्टर प्लांट में ही पेयजल का सही ट्रीटमेंट नहीं हो रहा हो। उन्होंने कहा कि पेयजल की खराब गुणवत्ता का वाजिब कारण क्या है इसकी जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी के गठन की मांग हमारे द्वारा की गई है। इस दिशा में पहल नहीं हुई तो कांग्रेस आमजन के स्वास्थ्य के हित में गंभीर आंदोलन के लिये सड़कों पर आयेगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, आलोक सिंह, प्रमोद चौधरी, तीरथ चौधरी, चंद्रप्रकाश सिंह, अमित सिंह आदि मौजूद थे।

## कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि का किया गया वितरण



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के अनुरूप होली पर्व से पूर्व राज्य के अन्नदाताओं को 10 हजार 324 करोड़ रुपये की आदान सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड स्थित रहंगी खेल मैदान में आयोजित वृहद किसान सम्मेलन कार्यक्रम से कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से आदान सहायता राशि अंतरित की।

जिले के किसानों के लिए भी यह दिन विशेष रहा। जिले के 58 हजार 443 किसानों के खातों में 273 करोड़ 55 लाख 63 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई। विधानसभावार आंकड़ो पर नजर डाले तो ओड़गी विकासखंड में 23 करोड़ 99 लाख 95 हजार, प्रतापपुर में 57 करोड़ 57 लाख 99 हजार, प्रेमनगर में 23 करोड़ 13 लाख 98 हजार, भैयाथान में 56 करोड़ 18 लाख 88 हजार व रामानुजनगर में 51 करोड़ 73 लाख 30 हजार और सूरजपुर में 60 करोड़ 91 लाख 52 हजार रूपये की बोनस राशि का वितरण किया गया। प्रतापपुर में आजा सेवा सहकारी समिति चन्दौरा, रामानुजनगर में आजा सेवा सहकारी समिति परशुरामपुर, सूरजपुर में आ.जा. सेवा सहकारी समिति केशव नगर, प्रेम नगर में आ.जा. सेवा सहकारी समिति कंचनपुर, भैयाथान में बाजार ग्राउंड चन्द्रमेढ़ा तथा ओड़गी में ग्राम पंचायत प्रांगण ओड़गी में कृषक बंधुओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## बाइक से गांजा लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाइक से गांजा लेकर खपाने जा रहे रहे बाइक सवार को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा। इसी बीच बाइक सवार एक युवक भाग निकला। टीम ने बाइक चालक के पास से चार किलो गांजा बरादम दिया। टीम ने बाइक व गांजा को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार लूण्ड्रा क्षेत्र में गश्प कर रहे संभागीय उड़नदस्ता की टीम जैसे ही रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम उंचडीह मोहनपुर पर पर पहुंची तभी बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को अत्यधिक तेजी से जाते देख ओवरटेक कर रोका। बाइक रोकते ही पीछे बैठा व्यक्ति भाग गया जबकि टीम ने बाइक चालक को पकड़ लिया। पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम आशीष पटेल निवासी कोट चौकी रघुनाथपुर बताया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आशीष पटेल के पास रख बैग की तलाशी ली तो बैग में एक-एक किलो का 4 गांजे का पैकेट बरामद किया।

टीम ने बाइक व गांजा को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि होली के अवसर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ जाती है। इसलिए संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम लगातार गश्त कर रही है तथा अवैध मादक पदार्थ के तस्करों पर नजर रखे हुए है। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता तथा महिला सैनिक राजकुमारी एवं चंद्रावती सक्रिय रही।

## गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**अम्बिकापुर।** गांजा ब्रिकी करने जा रहे स्कूटी सवार दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को क्षेत्र में गश्त कर रही गांधीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि स्कूटी सवार दो युवक बड़ी मात्रा में गांजा लेकर ब्रिकी करने जा रहे है। सूचना पर पुलिस ने बनारस चौक की ओर से डिगमा जा रहे स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीजे 4318 सवार दोनों युवकों को संदेह के आधार पर रोका। पुलिस ने अजिरमा नेपालीपारा के झारसुगुडा उड़ीसा निवासी दिनेश थापा आ. श्याम थापा (35 वर्ष) झारसुगुडा उड़ीसा निवासी विक्की तामंग आ. चंद्रा तामंग (21 वर्ष) से पूछताछ की तो दोनों पुलिस को गुमराह करने लगे। जब पुलिस ने स्कूटी की डिक्की की तलाशी ली तो डिक्की से 1 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया। पुलिस ने स्कूटी व गांजा को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर दोनों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### भागने के चक्कर में बाइक सवारों को मारी टक्कर

## तेज रफ्तार कार चालक ने दो बाइक को मारी टक्कर, तीन लोग गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर–प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार चालक ने दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद इलाज में देरी को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और मौके पर चक्काजाम की स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 10.30 बजे कार क्रमांक सीजी 04 क्यूटी 5678 अंबिकापुर से प्रतापपुर की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चालक तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। जैसे ही वाहन ग्राम छत्तरपुर के पास पहुंचा, उसने ग्राम पाठकपुर की तरफ जा रहे अशोक सिंह के पुत्र व पुत्री की बाइक को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार भाई बहन सड़क पर दूर जा गिरे, इससे पहले लोग कुछ समझ पाते, कार ने छत्तरपुर मोड़ के पास ग्राम कल्याणपुर परसापारा निवासी रामाधार के पुत्र प्रदीप राजवाड़े की बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को संभाला, लेकिन आरोप है कि लटोरी पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बजाय दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त करने में प्राथमिक रूचि दिखाई। घायलों की स्थिति बिगड़ती देख ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम की स्थिति निर्मित कर दी। कुछ समय के लिए आंबिकापुर–प्रतापपुर मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। पीड़ित पक्ष और पुलिस के बीच नोंकझोंक की सूचना मिलते ही कांग्रेसी नेता रोहन राजवाड़े और कल्याणपुर सरपंच गोवर्धन सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल पहल करते हुए गंभीर रूप से घायल लोगों को निजी वाहन से अंबिकापुर अस्पताल भिजवाया। इसी बीच सूचना पर डीएसपी अनूप एक्का और खड़गंवा चौकी प्रभारी रघुवंश सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे, अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए नाराज लोगों को शांत कराया।



दुर्घटनाकारित कार।

### केनापारा में पायलटिंग वाहन की टक्कर से कॉलरी कर्मी गंभीर रूप से घायल

एनएच 43 स्थित ग्राम तेलईकछार केनापारा में पायलटिंग वाहन की टक्कर से एक कॉलरी कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं,गौरतलब है कि ग्राम केनापारा निवासी कॉलरी कर्मी विजय गुप्ता पिता गुलाब गुप्ता शनिवार को शाम करीब 4 बजे ड्यूटी से स्कूटी में अपने घर को वापस लौट रहे थे,इस दौरान एनएच 43 पर ग्राम केनापारा में स्कूटी सवार कॉलरी कर्मी विजय गुप्ता अपने घर के लिए वाहन को मोड़ रहे थे,तभी तेज रफ्तार में पीछे से आ रहे पायलटिंग स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 16 सीपी 3805 के चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में कॉलरी कर्मी के रीढ़ की हड्डी व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आई है। दुर्घटना से नाराज ग्रामीणों द्वारा एनएच 43 पर कुछ समय के लिए चक्काजाम कर दिया,जिसकी सूचना मिलते ही जयनगर टीआई रूपेश कुंतल एक्का तत्काल दलबल के साथ मौके पर पहुंच लोगों को समझाइश देकर आंदोलन समाप्त कराया। दुर्घटना उपरांत पायलटिंग वाहन में सवार सभी पुलिस कर्मी मौके से फरार हो गये हैं,घायल कॉलरी कर्मी विजय गुप्ता को अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है और पुलिस ने पायलटिंग वाहन को जप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, मासूम समेत चार घायल

**सोनगरा।** दोस्त मे साथ बाइक से बहन व दो मासूम भांजा को छोड़ने जा रहे बाइक सवार को पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक व आक्रोश का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार ग्राम सुखरी निवासी लालजीत यादव ग्राम कोरंधा निवासी बहन व दो भांजे को अपने साथ के साथ बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 15 डीजेड 7157 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई जबकि लालजीत यादव ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना में बहन, एक अन्य साथी तथा दोनों मासूम भांजे घायल हो गए। घायलों को तत्काल सोनगरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में इलाज जारी है। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुलिस टीम मौके पहुंची और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। ट्रैक्टर चालक व ट्रैक्टर का तलाश जारी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।

## महिला ने लगाया महतारी वंदन योजना में गड़बड़ी का आरोप, शाखा प्रबंधक से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम दुरती की एक महिला ने महतारी वंदन योजना की राशि में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। ग्राम दुरती निवासी अनीता यादव पति शोभनाथ यादव (32 वर्ष) ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा चन्द्र मेढ़ा से संबद्ध कियोस्क संचालक पर डबल निकासी और अवैध कमीशन वसूली का आरोप लगाते हुए शाखा प्रबंधक से शिकायत की है।



अनीता यादव 7 फरवरी को पति के साथ महतारी वंदन योजना की राशि निकालने कियोस्क केंद्र पहुंचीं। पीड़िता का आरोप है कि कियोस्क संचालक द्वारा 1000 रुपये की निकासी की गई। लेकिन बाद में पासबुक प्रिंट कराने पर यह सामने आया कि उसी दिन खाते से दो बार 1000-1000 रुपये की निकासी दर्ज है। अनीता यादव का कहना है कि उन्हें केवल 1000 रुपये ही दिए गए, जबकि बैंक रिकॉर्ड में 2000 रुपये की निकासी दर्शाई गई है। अनीता यादव ने शाखा प्रबंधक से मामले की निष्पक्ष जांच कर कियोस्क संचालक के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है।



# फिल्म 'स्पिरिट' से विवेक का पहला पोस्टर जारी...

**मुंबई।** प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' मार्च, 2027 में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए उतरेगी। फिल्म के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने अभी से माहौल सेट करना शुरू कर दिया है। नए साल के मौके पर, 1 जनवरी को फिल्म से पहली तस्वीर सामने आई थी जिसमें प्रभास और तृप्ति डिमरी की झलक देखने को मिली थी। अब फिल्म से विवेक ओबेरॉय का पहला आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया गया है। 'स्पिरिट' से विवेक का पहला लुक जारी करते हुए कैप्शन दिया गया, 'अंधेरे में छिपा एक रहस्य और वो आंखें जो सबसे गहरे राज़ याद रखती हैं।'

लाइफ Style



# कीर्ति

## अब खलनायिका बनकर मचाएंगी तहलका

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'पिंक', 'इंदु सरकार' और 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' जैसी फिल्मों-सीरीज से दर्शकों का दिल जीतने वालीं कीर्ति कुल्हारी नई भूमिका को लेकर चर्चा में आ गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि फैंस इस बार उन्हें नकारात्मक किरदार में देखेंगे।

पिछले साल अभिनेत्री ने राकेश सैन के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'चकोर बन' की शूटिंग शुरू की है। इसके बाद से फैंस फिल्म से जुड़े अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति को फिल्म 'चकोर बन' में मुख्य खलनायिका (या मुख्य प्रतिपक्षी) के लिए चुना गया है जो उनके लिए एक नया अनुभव होगा। फिल्म को बनाने के लिए राकेश बतौर सहायक और एसोसिएट निर्देशक बनकर, दिग्गज निर्देशक श्रीराम राघवन के साथ काम कर रहे हैं। पहले भी उन्होंने 'एक हसीना थी', 'एजेंट विनोद', 'बदलापुर', 'अंधाधुन' और 'मेरी क्रिसमस' जैसी कई फिल्मों में अपना पूरा सहयोग दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति ने अपनी एक अन्य फिल्म 'किनारे' की शूटिंग पूरी कर ली है। यह उनकी पहली फीचर फिल्म है जिसे उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी किंटसुकुरोई फिल्म्स के बैनर तले निर्मित किया है। फिल्म का निर्देशन अकबर आजम कादरी ने किया है, जबकि कहानीकार भी वह खुद हैं। कास्ट में कीर्ति के अलावा, अभिनेता राजीव सिद्धार्थ, रवि तनेजा और अलका अमीन जैसे सितारे हैं। फिलहाल फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है और इसी साल रिलीज हो सकती है।

हॉलीवुड मसाला



# टेलर व ट्रैविस करने जा रहे शादी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट अपनी निजी और कामकाजी जिंदगी को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। अगस्त, 2025 में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्स के साथ सगाई की थी। उस वक्त से चर्चा थी कि दोनों 2026 में एक-दूसरे के साथ शादी करके अपने रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ा सकते हैं। ताजा जानकारी में पता चला है कि टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी की तारीख को पक्का कर लिया है। दोनों जून में शादी करने जा रहे हैं। रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि टेलर और टैविस 13 जून, 2026 को अमेरिका के रोड आइलैंड में शादी करने जा रहे हैं।



# शो 'द वायर' के अभिनेता बॉबी जे ब्राउन नहीं रहे

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ के टीवी शो 'द वायर' से लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता बॉबी जे. ब्राउन का निधन हो गया है। उन्होंने 62 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। इस दुखद खबर की पुष्टि अभिनेता की बेटी की ओर से की गई। उनकी बेटी ने बताया कि 24 फरवरी, यानी को मैरीलैंड में एक खलिहान में आग लग गई थी। इसके धुंए के कारण दम घुटने से अभिनेता की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरीलैंड के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय की ओर से बताया गया कि, 'ब्राउन की मौत का कारण उनके शरीर में फैली गर्मी और दम घटना था। हमें बताया गया कि मौत एक दुर्घटना थी।' बताया जाता है कि खलिहान में आग उस वक्त लगी, जब अभिनेता अपनी गाड़ी स्टार्ट करने पहुंचे थे। जब तक अग्निशामक यंत्र वहां पहुंचे, आग पूरी तरह से फैल चुकी थी।



# नई फिल्म को मिला नाम शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई।** शनाया कपूर ने अपनी हालिया रिलीज एडवेंचर-थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' से सुर्खियां बटोरी थीं। इसमें उनके साथ आदर्श गौरव मुख्य किरदार में थे, लेकिन दर्शकों का दिल जीतने में यह बुरी तरह से नाकामयाब साबित हुई। इस बीच, शनाया अगली फिल्म को लेकर चर्चाओं में आ गई हैं जिसके शीर्षक का खुलासा आखिरकार हो गया है। फिल्म के निर्माता विकेश भूटानी हैं जिन्होंने आधिकारिक तौर पर शीर्षक का खुलासा कर दिया है। मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता भूटानी ने बातचीत के दौरान बताया है कि आगामी कॉमेडी फिल्म का शीर्षक 'जैकब कार्डोसो' रखा गया है। शनाया के अलावा, फिल्म में अभय वर्मा मुख्य किरदार में दिखाई देंगे, जिन्हें 'मुंज्या' से लोकप्रियता मिली थी।




# मृणाल की 'डकैत' का पहला गाना जारी

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष की आगामी फिल्म 'डकैत- एक प्रेम कथा' लंबे समय से चर्चा में है। पहले इसे मार्च, 2026 में रिलीज किया जाना था, लेकिन अब फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस बीच, लोगों की उत्सुकता को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने पहला गाना 'रूबरू' जारी कर दिया है। गाने को हिंदी और तेलुगु भाषाओं के साथ डब किया गया है, जो सोनी म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध हो चुका है। 'रूबरू' को फहीम अब्दुल्लाह ने आवाज दी है। इसमें उनका साथ चिन्मयी श्रीपदा ने दिया है। गाने का संगीत भीम्स सेसिरोलियो ने तैयार किया है, जबकि बोल रितेश रजवाड़ा ने लिखे हैं। बता दें, फिल्म 'डकैत' का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। इसकी कहानी प्यार, धोखे और बदले के इर्द-गिर्द घूमती है।

टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी कृतिका

**नई दिल्ली।** टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें।

## करण कुंद्रा के सीने पर तेजस्वी प्रकाश का टैटू, ये परमानेंट है या एआई का कमाल?

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर कपल 'तेजरन' यानी तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा को फैंस काफी पसंद करते हैं। बिग बॉस के बाद से दोनों की जोड़ी हिट है। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें फैंस ने नोटिस किया कि करण कुंद्रा ने सीने तेजस्वी का चेहरा टैटू करवा रखा है। वीडियो वायरल हुआ तो चर्चाएं शुरू हो गईं, लोग जानने के लिए बेताब हो गए कि ये परमानेंट है या एआई जनरेटेड फेक इमेज हैं। हालांकि, करण के इस रोमांटिक जेस्चर पर प्यार लुटा रहे हैं। इवेंट की तस्वीरें और वीडियो सामने आते ही फैंस के बीच इस टैटू को लेकर बहस छिड़ गई कुछ फैंस ने इसे असली प्यार का इजहार बताया तो कुछ ने इसे एआई जनरेटेड फोटो करार दे दिया। इसी कन्फ्यूजन को दूर खुद करण कुंद्रा ने किया। करण कुंद्रा ने बताया कि ये तेजस्वी के चेहरे का टैटू तो है, लेकिन ये परमानेंट नहीं है। यह टैटू तेजस्वी के डेब्यू ओटीटी शो 'साइको सैयां' के प्रमोशन के लिए बनवाया गया। उन्होंने कहा कि मैंने अपना सपोर्ट दिखाने के लिए ये किया।



# रश्मिका- देवरकोंडा की राजसी शादी
## 10 महीने में तैयार हुए किलोभर सोने के गहने

***मुंबई।** उदयपुर में रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी सिर्फ एक उत्सव नहीं थी, बल्कि भव्यता और शाही ठाट-बाट का जश्न था, लेकिन इस राजसी चमक के पीछे छुपा है कारीगरों का 10 महीने का कड़ा परिश्रम। हर गहना शादी को यादगार बनाने के लिए बारीकी से तैयार किया गया, जो इसे वाकई एक राजसी अनुभव बनाता है। आइए जानते हैं इन गहनों से जुड़ी कुछ और दिलचस्प और अनसुनी बातें।*

### रश्मिका- विजय की शादी में सोने की चमक

विजय और रश्मिका की शादी में सबसे ज्यादा ध्यान खींचा उनके किलोभर वजनी सोने के गहनों ने। मांग टीके और बाजूबंद से लेकर पैरों की पायल तक, रश्मिका-विजय दोनों ने अपनी शादी के लिए भारी-भरकम मंदिर वास्तुकला से प्रेरित गहने चुने। रश्मिका ने सोने की चेन वाले झुमके पहने थे, जो पीछे बालों तक जुड़े हुए थे। उनके हाथों में सोने की चूड़ियों का ढेर, कड़े और हाथफूल भी थे, जो उनके लुक को और भी भव्य बना रहे थे।



### आधुनिक फैशन और प्राचीन संस्कृति का संगम

इस जोड़ी ने अपनी शादी के लिए खास 'टेंपल-स्टाइल' (मंदिर वास्तुकला शैली) के गहनों को चुना, जिन्हें तैयार करने में कारीगरों को पूरे 10 महीने का समय लगा। किलोभर सोने से बने इन आभूषणों पर देवी-देवताओं और पौराणिक प्रतीकों की बेहद बारीक नक्काशी की गई है। गले में सजे भारी हार से लेकर हाथों के कड़ों तक, रश्मिका और विजय का ये 'शाही लुक' आधुनिक फैशन और प्राचीन संस्कृति का एक अद्भुत मेल है।

### हर गहने में शाही नक्काशी का कमाल

विजय ने राजाओं जैसा लुक अपनाया, गले में भगवान लक्ष्मी की नक्काशी वाला नेकलेस, हाथों में 'थानोस' स्टाइल ब्रेसलेट्स, बाजूबंद और पैरों में सोने के कड़े पहने। रश्मिका के 11 विशेष आभूषणों को तैयार करने में कारीगरों ने 10 महीने का लंबा समय लिया। इस 'विरोश' जोड़ी ने करीब 2 किलो से भी ज्यादा वजन के पारंपरिक सोने के गहने पहने थे।

# प्रियंका के जबरदस्त किरदार, एक के लिए निर्देशक ने देखते ही कर दिया था इंकार

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' की हर तरफ चर्चा हो रही है, जहां वो एक समुद्री डाकू के बेहद चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आ रही हैं। फिल्म में उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। प्रियंका की मेहनत ने साबित कर दिया है कि चाहे 'बर्फी' की मासूम झिलमिल हो, 'बाजीराव मस्तानी' की स्वाभिमानी काशीबाई या अब 'द ब्लफ' की योद्धा, प्रियंका हर किरदार में जान फूंकना जानती हैं। एक नजर प्रियंका के दमदार किरदारों पर।



***'बर्फी' (झिलमिल) :*** साल 2012 में आई फिल्म 'बर्फी' में झिलमिल की भूमिका के लिए जब प्रियंका निर्देशक से मिलने पहुंचीं तो उन्हें देखते ही निर्देशक ने ये कहकर मना कर दिया कि वो इस रोल के लिए बहुत 'ग्लैमरस' हैं। हालांकि, प्रियंका की कड़ी मेहनत ने निर्देशक को अपना फैसला बदलने पर मजबूर कर दिया। नतीजा ये हुआ कि जब फिल्म पर्दे पर आई तो उसी ठुकराए गए किरदार ने भारतीय सिनेमा में अभिनय की एक नई मिसाल कायम कर दी।

***'मैरी कॉम' (मैरी कॉम) :*** 'मैरी कॉम' में प्रियंका ने अपनी ताकत और जुनून से दर्शकों को हिला दिया था। दिग्गज मुक्केबाज मैरी कॉम की इस बायोपिक फिल्म के लिए प्रियंका ने खुद को पूरी तरह बदल लिया था। इस रोल के लिए प्रियंका ने न केवल मुक्केबाजी सीखी, बल्कि अपने शरीर को भी एक एथलीट की तरह ढाला। पर्दे पर उन्होंने अपनी भूमिका को इतनी शिद्दत से जिया कि दर्शकों को लगा जैसे वो खुद मैरी कॉम को रिंग में लड़ते देख रहे हैं।

***'फैशन' (मेघना माथुर) :*** प्रियंका की फिल्म 'फैशन' ने उनके करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया था। इसने ने सिर्फ प्रियंका को उनके करियर का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिलाया, बल्कि बॉलीवुड में अभिनेत्री होने की परिभाषा भी बदल दी। फिल्म में प्रियंका ने मेघना माथुर' का किरदार निभाया था, जिसने एक छोटे शहर की लड़की से सुपरमॉडल बनने और फिर अर्श से फर्श पर गिरने के दर्दनाक सफर को दिखाया। अभिनेत्री कंगना रनौत ने इस फिल्म में सहायक भूमिका निभाई थी।

# सिनेमाघरों से ओटीटी तक कोहराम, मार्च में रिलीज हो रहीं 'धुरंधर 2' समेत 5 धमाकेदार फिल्में...

***मुंबई।** साल 2026 का मार्च महीना भारतीय सिनेमा के लिए किसी ब्लॉकबस्टर उत्सव से कम नहीं होने वाला है। इस महीने जहां बड़े पर्दे पर रणवीर सिंह अपनी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' के साथ तहलका मचाएंगे, वहीं अनिल कपूर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी फिल्म 'सूबेदार' के जरिए एक फौजी के दमदार अंदाज में दर्शकों का दिल जीतेंगे। आइए जानते हैं मार्च के महीने में कौन-सी फिल्म कब रिलीज हो रही है।*

**'धुरंधर 2'**: साल 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' मार्च के महीने में सिनेमाघरों में तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। आदित्य धर के निर्देशन में बन रही ये फिल्म न केवल एक सीक्वल है, बल्कि भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े एक्शन प्रोजेक्ट्स में से एक मानी जा रही है। फिल्म 19 मार्च को दर्शकों के बीच आने वाली है। सीक्वल में 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के कलाकार विक्की कौशल और यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं।



**'टॉक्सिक'** : 'धुरंधर 2' को सीधी टक्कर देने के लिए साउथ के रॉकिंग स्टार यश अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिक' के साथ मैदान में उतर रहे हैं। '**KGF**' फ्रैंचाइजी की ऐतिहासिक सफलता के बाद दर्शकों की नजरें यश के इस अगले कदम पर टिकी हैं। ये फिल्म ठीक उसी दिन रिलीज हो रही है, जिस दिन 'धुरंधर 2' आ रही है। बॉक्स ऑफिस पर ये 'यश बनाम रणवीर सिंह' की जंग साल 2026 का सबसे बड़ा 'सिनेमाई युद्ध' साबित होने वाली है।

**'मैसा'**: रश्मिका मंदाना की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मैसा' को लेकर भी मार्च 2026 के कैलेंडर में जबरदस्त सुगबुगाहट है। रश्मिका इस फिल्म में एक बिल्कुल नए और शक्तिशाली अवतार में नजर आएंगी। 'मैसा' उनके करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्मों में से एक मानी जा रही है। ये फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी है, जो अपनी ताकत और साहस के दम पर समाज की बेड़ियों को तोड़ती है। 20 मार्च, 2026 को इस फिल्म के सिनेमाघरों में आने की चर्चा है।

***'सूबेदार' और 'चरक'** : जहां एक तरफ मार्च में 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' जैसी बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में टकरा रही हैं, वहीं अनिल कपूर अपनी फिल्म 'सूबेदार' के साथ 5 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर धमाका करने को तैयार हैं। उधर 'द केरल स्टोरी' और 'बस्तर' जैसी प्रभावशाली फिल्में देने वाले निर्देशक सुदीप्तो सेन अब अपनी नई फिल्म 'चरक' के साथ एक बार फिर दर्शकों को झकझोरने के लिए तैयार हैं।उनकी ये फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।*

# 'मालामाल वीकली 2' में लौटेगी रितेश, परेश-राजपाल की तिकड़ी, फिर मचेगा धमाल



मुंबई। रितेश देशमुख, परेश रावल और राजपाल यादव की फिल्म 'मालामाल वीकली' साल 2006 में रिलीज हुई थी। ताजा जानकारी में पता चला है कि इसकी दूसरी किस्त लाने की तैयारी चल रही है। जाहिर है कि 'हेरा फेरी', 'भागम भाग' और 'खोसला का घोसला' जैसी कल्ट फिल्मों का सीक्वल आने के लिए तैयार है। ऐसे में, 20 साल पहले आई 'मालामाल वीकली' की दूसरी किस्त आना फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम साबित नहीं होगा। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया, 'मालामाल वीकली 2' के लिए बातचीत शुरू हो गई है। फिल्म पर काम कर रही टीम को एक बेहतरीन आइडिया मिला है जो इस फिल्म के दूसरे भाग के लिए बिल्कुल सही होगा। उन्होंने आगे बताया, यह सीधा सीक्वल नहीं है। इस बार किरदार और पृष्ठभूमि अलग होंगे, लेकिन पहले भाग की तरह ही, यह लालची ग्रामीणों के एक समूह के बारे में होगा।

## खबर संक्षेप

### निस्तारी के लिए नहरों में कल से छोड़ा जाएगा पानी

**सक्ती।** गर्मी में होने वाले जलसंकट को देखते हुए निस्तारी के लिए सोमवार 2 मार्च से नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। जल निस्तारी वर्ष 2026 के कार्यक्रम निर्धारण को लेकर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिले की नदियों, नालों एवं तालाबों में हसदेव बांयी तट नहर के माध्यम से जल प्रवाह प्रारंभ करने की तिथि एवं जल प्रबंधन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने स्पष्ट किया कि निस्तारी व्यवस्था पूरी तरह जनहित को ध्यान में रखते हुए संचालित की जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, पशुधन एवं दैनिक उपयोग के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार 2 मार्च से नहर के माध्यम से जल प्रवाह प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में कार्यपालन अभियंता हितेंद्र राठौर ने बताया कि मिनीमाता बांध का जल स्तर वर्तमान में 355.75 मीटर है तथा उपयोगी जल भराव क्षमता 2246.83 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जो कुल क्षमता का 77.63 प्रतिशत है। बैठक में कलेक्टर और कार्यपालन अभियंता ने इस बात पर जोर दिया कि उपलब्ध जल का संतुलित एवं सुनियोजित उपयोग किया जाए, क्योंकि पानी दिए जाने के उपरांत ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी हेतु जल उपलब्धता सीमित रह सकती है।

### नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन का फाइनल सिलेक्शन ट्रायल

जांजगीर-चांपा। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा जूनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम चुनने हेतु फाइनल सिलेक्शन ट्रायल 1 मार्च को प्रदेश के चार अलग-अलग जोनों में आयोजित किया जाएगा। एसोसिएशन की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने जानकारी देते हुए बताया कि नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जूनियर वर्ग में ट्रेडिशनल नेटबॉल, फास्ट-फाइव नेटबॉल एवं मिक्स नेटबॉल कैटेगरी में नेशनल टूर्नामेंट की घोषणा कर दी गई है। यह टूर्नामेंट आगामी 24 से 31 मार्च तक मुजफ्फरनगर (यूपी) में आयोजित होगा। छत्तीसगढ़ की टीम के चयन हेतु जिलों को चार जोनों में बांटा गया है। पहला जोन दुर्ग सेक्टर-2 स्थित ग्राउंड में आयोजित होगा, जिसमें राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बेमेतरा और बालोद जिलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। दूसरा जोन धमतरी प्रखंड स्थित खेल मैदान में होगा, जहाँ बस्तर, कांकेर, धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद के खिलाड़ी ट्रायल देंगे।

## मॉडल सोखता गड्ढ़ा निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ

# खरवत में 5 प्रतिशत मॉडल सोखता गड्ढा निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



जल संरक्षण और भू-जल स्तर में सुधार को लेकर ग्राम पंचायत खरवत में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत की गई है। शनिवार को गांव में 5 प्रतिशत मॉडल सोखता गड्ढ़ा निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह पहल न केवल किसानों के लिए उपयोगी साबित होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र में जल प्रबंधन की दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत करेगी।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत खरवत के सरपंच रामाशंकर सिंह, उप सरपंच श्रीमती उषा देवी, सचिव बनवारी लाल साहू सहित वार्ड पंच मोहरमनिया, परमेश्वरी राजवाड़े, गीता, गौतम कुमार चक्रधारी, आरती एवं शांति की उपस्थिति रही। सोखता गड्ढ़े का निर्माण किसान बिजेन्द्र कुमार के खेत में प्रारंभ किया गया, जहां पंचायत प्रतिनिधियों ने स्थल का निरीक्षण कर कार्य का शुभारंभ किया। मॉडल के तहत खेत के लगभग 5 प्रतिशत हिस्से में सोखता गड्ढ़ा तैयार किया जाता है। वर्षा का पानी जो सामान्यत बहकर नालों और नदियों में चला जाता है, वह इस गड्ढ़े के माध्यम से जमीन में समाहित हो जाता है। इससे खेतों में लंबे समय तक नमी बनी रहती है, सिंचाई की लागत घटती है और भू-जल स्तर में वृद्धि होती है। विशेषज्ञों के अनुसार इस मॉडल से जल संरक्षण के साथ-साथ फसल उत्पादन में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह कम लागत में तैयार होने वाला और लंबे समय तक लाभ देने वाला उपाय है। ग्राम पंचायत सरपंच रामाशंकर सिंह ने बताया कि जल संकट की समस्या को ध्यान में रखते हुए इस मॉडल को अपनाया गया है। गर्मी के मौसम में जलस्तर गिरने से किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है। ऐसे में सोखता गड्ढ़ा वर्षा जल को संरक्षित कर भविष्य में उपयोग योग्य बनाता है। किसान बिजेन्द्र कुमार ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो अन्य किसान भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। पंचायत ने संकेत दिए हैं कि आने वाले समय में अन्य किसानों के खेतों में भी 5 प्रतिशत मॉडल सोखता गड्ढ़े का निर्माण कराया जाएगा। इससे गांव स्तर पर जल संरक्षण की मजबूत व्यवस्था विकसित होगी और प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। ग्राम पंचायत खरवत की यह पहल क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सतत कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते मौसम और अनियमित वर्षा के कारण खेती की चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में पारंपरिक तरीकों के साथ वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना आवश्यक हो गया है। 5 प्रतिशत मॉडल सोखता गड्ढ़ा न केवल वर्षा जल को संरक्षित करेगा, बल्कि सूखे की स्थिति में भी खेतों को नमी उपलब्ध कराने में सहायक होगा। सचिव बनवारी लाल साहू ने बताया कि यह पहल शासन की जल संरक्षण संबंधी योजनाओं के अनुरूप है और ग्राम पंचायत स्तर पर इसे अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा।

# खाटू श्याम महोत्सव का शानदार आयोजन



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

नगर में खाटू श्याम महोत्सव के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम देखने को मिला। शुक्रवार को दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। इस आयोजन ने पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। निशान यात्रा का शुभारंभ स्थानीय श्रीराम मंदिर के सामने से किया गया।

सायंकाल से ही श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में हाथों में निशान ध्वज लिए, ढोल-ताशों और भक्ति संगीत की मधुर धुनों के साथ यात्रा में शामिल हुए। हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा जैसे जयघोषों से नगर की गलियां गूंज उठीं। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बनता था, जिससे आयोजन की भव्यता और गरिमा और बढ़ गई। यह निशान यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों जैसे जैन मंदिर, स्टेट बैंक, गुरुद्वारा चौक, विवेकानंद चौक, गांधी चौक तथा स्टेशन रोड से होती हुई खाटू श्याम मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर बाबा का स्वागत किया गया। घरों और प्रतिष्ठानों के सामने दीप प्रज्जवलित, आरती और भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तों ने बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूरा नगर भक्तिरस में डूबा हुआ नजर आया। खाटू श्याम मंदिर पहुंचने पर बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को फूलों, रोशनी और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

शाम के समय भजन संध्या का आयोजन हुआ। इसमें स्थानीय एवं आमंत्रित भजन गायकों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों की स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और देर रात तक भक्ति का सिलसिला चलता रहा। इस दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में नगर के नागरिकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों की काफी संख्या में उपस्थिति रही।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्यों मनाया जाता है बच्चों को दी गई जानकारी



**सक्ती।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्यों मनाया जाता है तथा साथ ही हमारे विश्व एवं भारत के प्रमुख वैज्ञानिकों के बारे में बताया, उनकी प्रेरणा दायक गाथाओं को छात्रों के सामने प्रस्तुत किया गया। छात्रों को परमाणु क्षेत्र, खगोल विज्ञान, गुरुत्वाकर्षण आदि के खोज के बारे बताया गया। रमन प्रभाव के बारे में भी बच्चों को विस्तार से बताया गया और विज्ञान के छोटे छोटे सिद्धांतों को बच्चों के सामने प्रस्तुत किया गया । छात्रों द्वारा स्वयं भी कई गतिविधियों को करके देखा गया। शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा द्वारा बताया गया कि प्राथमिक स्तर से ही छात्रों को कुछ नया करने के लिए सोचने और उनकी प्रतिभा को बाहर लाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित रहे। शिक्षिका चंचला चन्द्रा ने कहा कि हमारे आज के परिवेश में नए वैज्ञानिक सोच की आवश्यकता है जिससे 21 वीं सदी की ओर हम विश्व के साथ आगे बढ़ सकें और छात्रों में तार्किक सोच के साथ समस्या समाधान कौशल विकसित कर सकें।

## सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।



शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर छग के निर्देशानुसार सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था लैंगिक समावेशन, समानता और संवेदनशीलताः एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने लैंगिक समानता, महिला अधिकार, ट्रांसजेंडर अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कानून से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

प्रथम दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरिया की टीम ने पॉक्सो एक्ट, विशाखा गाइडलाइन, आंतरिक शिकायत समिति, घरेलू हिंसा अधिनियम एवं बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी दी। द्वितीय दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की बात करना पुरुषों का विरोध नहीं, बल्कि समानता की दिशा में सकारात्मक कदम है। वहीं जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजू एक्का ने महिलाओं के स्वास्थ्य एवं ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति संवेदनशीलता पर प्रकाश डाला। तृतीय दिवस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे ने तृतीय लिंग के अधिकारों एवं आरक्षण पर जानकारी दी। राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की डॉ. तृप्ति बिस्वास ने कहा कि लिंग केवल जैविक नहीं, बल्कि सामाजिक निर्माण भी है। चतुर्थ दिवस पर ट्रांसजेंडर वक्ता डॉ. रविना बारिहा ने भारतीय ग्रंथों रामायण और महाभारत में तृतीय लिंग की भूमिका पर चर्चा की। संबलपुर विश्वविद्यालय की पूर्व प्राध्यापक डॉ. तत्वमासी पालटा सिंह ने जेंडर गैप एवं नई शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों पर विचार रखे। पंचम दिवस पर जिला एवं सत्र न्यायालय, कोरिया की टीम ने महिला संरक्षण से जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डॉ. कविता सिंह ने स्त्री शिक्षा और विभिन्न शिक्षा आयोगों की सिफारिशों पर प्रकाश डाला। षष्ठम दिवस पर महाकौशल कॉलेज के डॉ. राहुल पटेल ने जेंडर असमानता के मनोवैज्ञानिक पक्षों पर चर्चा की, जबकि विपिन ठाकुर ने छग के ग्रामीण एवं जनजातीय संदर्भों में लैंगिक चुनौतियों को रेखांकित किया। समापन अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. जीए घनश्याम ने वैदिक काल से वर्तमान तक महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए समान दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे ने कहा कि भेदभाव रहित समाज ही विकास का आधार है। कार्यक्रम का प्रतिवेदन हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती कनकलता पैकरा ने प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## होली पर रहेगी चाक चौबंद व्यवस्था हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्रवाई



**जांजगीर-चांपा।** होली पर्व को लेकर पुलिस द्वारा जिले में चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है। होली में हुड़ंदग करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर सभी थाना एवं चौकियों में चीता स्क्वायड टीम व पेट्रोलिंग पार्टी का गठन किया गया है।

इस वर्ष मंगलवार 3 मार्च की रात्रि में होलिका दहन एवं बुधवार 4 मार्च को होली का त्यौहार जिले भर में मनाया जावेगा। सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिले के थाना व चौकी क्षेत्रों में अलग अलग टीम गठित कर, पेट्रोलिंग, फिक्स पॉइंट चिन्हांकित कर ड्यूटी लगाई जा रही है। पुलिस पेट्रोलिंग हेतु थाना-चौकी जांजगीर, नैला, अकलतरा, कोटमीसोनार, मुलमुला, बलौदा, पंतोरा, पामगढ़, शिवरीनारायण, राहौद, नवागढ़, चांपा,बम्हनीडीह, बिर्रा, सारागांव अलग अलग पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है, जो क्षेत्र में निर्धारित बीट के अनुरूप सघन रूप से पेट्रोलिंग करेंगें। चीता स्क्वायड की व्यवस्था पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों में विशेष निगाह एवं उन पर नियंत्रण हेतु चीता स्क्वाड के रूप में भी बल तैनात किया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि होली पर्व सौहाद्रपूर्ण मनाये, किसी के उपर जबरिया रंग न डाले, न ही जबरिया चन्दा वसूल नहीं करें। मुखौटे धारण कर किसी प्रकार अप्रिय हरकत न करें अन्यथा पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल...

उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों, मुख्य अतिथियों एवं निर्णायक मंडल ने परियोजनाओं की मौलिकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं प्रभावशाली प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों के मार्गदर्शन, विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम एवं अभिभावकों के सहयोग से प्राप्त यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुई है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

### एमसीबी कांग्रेस की...

किया गया है। इसके अलावा, नाहर सिंह, देवनारायण सिंह, अनुज रवि, संतलाल, देवेन्द्र पाण्डेय, श्रीमती ममता सिंह, श्रीमती प्रिय सिंह मरकाम, अशोक गुप्ता, अमर सिंह और मानिकचंद को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। घोषणा पत्र पर प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासन) मलकीत सिंह बेदी के हस्ताक्षर हैं। कार्यकर्ताओं ने नई टीम से संगठनात्मक सक्रियता और जनसमस्याओं पर प्रभावी कार्य की उम्मीद जताई है।

### जिला स्तरीय विकसित...

तार्किक चिन्तन एवं लोकतांत्रिक मूलों के प्रतिबद्धता विकसित करते है। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान की मूल भावना को आत्मसात कर जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती यंशवती सिंह पैकरा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती युवाओं की जागरूकता और सक्रिय सहभागिता पर निर्भर करती है। उन्होंने आपातकाल को भारतीय इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय बताते हुए कहा कि यह कालखंड हमें संविधान और मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव सजग रहने की सीख देता है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि राष्ट निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि आपातकाल का इतिहास हमें यह सिखाता है कि लोकतंत्र में संवाद, पारदर्शिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का महत्व सर्वोपरी है।

## सौरभ सिंह ने हितग्राहियों को किया जनसंपर्क राशि का चेक वितरण

**अकलतरा।** प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी की अनुशंसा पर अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के हितग्राहियों को जनसंपर्क मद की राशि का चेक वितरण सौरभ सिंह, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जनसंपर्क मद की राशि से क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा पात्र हितग्राहियों को सीधे लाभ पहुंच सकेगा। उन्होंने शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन यादव, पहरिया मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास, महामंत्री सुबोध थवाईत, सेवा सहकारी समिति पोड़ी दलहा के देवकुमार अघरिया, पुष्पेंद्र थवाईत (भैंसतरा), पूर्व सरपंच प्रमोद साहू (खैजा), राकेश शर्मा, संतोष यादव, भगवती गोड़, कान्हा अग्रवाल, हितेश पालीवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आपसी भाईचारा व शांतिपूर्वक मनाएं रंगों का पर्व होली

बम्हनीडीह। पुलिस थाना बम्हनीडीह में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने का आह्वान किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, अवैध गतिविधियों और कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी अपनी बात रखी और विभिन्न सुझाव दिए ।

## निधन

### गोपाल सिंह



**मनेन्द्रगढ़।** जिला खेल अधिकारी गोपाल सिंह का उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से खेल जगत सहित पूरे जिले में शोक की लहर है। रविवार की शाम लगभग 4 बजे उनका पार्थिव शरीर झगराखाण्ड स्थित उनके निवास पहुंचा, जहां परिजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सोमवार की सुबह बनारस में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दौरान काफी संख्या में शुभचिंतकों, खेल प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

---

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

//उद्घोषणा//

सर्व साधारण ग्राम सकरिया तहसील पोंड़ी-बचरा जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है। आवेदक श्री धीरज कुमार जायसवाल आ. स्व. सत्यनारायण जायसवाल निवासी ग्राम सकरिया तहसील पोंड़ी-बचरा जिला कोरिया (छ.ग.) द्वारा ग्राम सकरिया प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. पोंड़ी तहसील पोंड़ी-बचरा स्थित भूमि ख.नं. 867/2 रकबा 0.13 हे. भूमि हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराना चाहता है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1 नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 13/3/2026 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 27/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

---

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

//उद्घोषणा//

सर्व साधारण ग्राम सकरिया तहसील पोंड़ी-बचरा जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है। आवेदिका श्रीवती जायसवाल पति स्व. सत्यनारायण जायसवाल निवासी ग्राम सकरिया तहसील पोंड़ी-बचरा जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा ग्राम सकरिया प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. पोंड़ी तहसील पोंड़ी-बचरा स्थित भूमि ख.नं. 588/2 रकबा 0.43 हे. भूमि हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराना चाहती है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1 नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 13/3/2026 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 27/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

---

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

//उद्घोषणा//

सर्व साधारण ग्राम सकरिया तहसील पोंड़ी-बचरा जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है। आवेदक श्री संतकुमार जायसवाल आ. स्व. सत्यनारायण जायसवाल निवासी ग्राम सकरिया तहसील पोंड़ी-बचरा जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा ग्राम सकरिया प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. पोंड़ी तहसील पोंड़ी-बचरा स्थित भूमि ख.नं. 659 रकबा 0.10 हे. भूमि हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि में से 0.040 हे. भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराना चाहता है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1 नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 13/3/2026 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 27/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

---

**न्यायालयः न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय कैम्प बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

प्र.क्र.- 93A/2025
पेशी दिनांक- 24/03/2026
प्रोसेस क्र.-183/2026

श्रीमति पूजा नायक उर्फ काजल नायक
विरूद्ध श्रीमति सुशीला वगैरह
(सर्वसाधारण)

**ईश्तहार (समंस)**

वादी/आवेदक/आवेदिका पूजा नायक उर्फ काजल नायक ने प्रतिवादी सर्वसाधारण निवासी/ग्राम नेपाल गेट (चरचा), पो. चरचा, थाना चरचा, तहसील बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया के विरूद्ध धारा पत्नि घोषित करने बावत दावा के तहत वाद/आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई के लिए प्रकरण न्यायालय में लंबित है। समाचार प्रकाशन के माध्यम से यह सूचना प्रकाशित किया जा रहा है कि आज दिनांक 24/03/2026 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करें। यदि किसी कारणवश दिनांक 24/03/2026 को स्थानीय अवकाश अथवा पीठासीन न्यायाधीश अवकाश पर रहते हैं तो अनावेदक/प्रतिवादी आगामी कार्य दिवस पर आवश्यक रूप से उपस्थित रहे। अन्यथा आगामी कार्यदिवस पर प्रकरण में उसके विरुद्ध अग्रिम एकपक्षीय कार्यवाही अग्रसर किया जावेगा।

आज दिनांक 28/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

**(राजेन्द्र कुमार वर्मा)
न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बैकुण्ठपुर
जिला-कोरिया (छ.ग.)**







